प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में हिमाचल की आवाज के ग्रेंड फिनाले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हिमाचल एक्सीलेंस अवार्ड 2023–24 का भी वितरण करेंगे। इस अवसर पर वे टांडा में ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग भी करेंगे।

एनिमेशन दिवस

आज विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब एनिमेशन ऐसा उद्योग बन गया है जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है।

जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हर साल 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है। दीपावली के कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

जागरूकता सप्ताह

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज हासिल करने के लिए आज से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। इसे शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह का पालन मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ शुरू होगा।

सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।

वेतन–पेंशन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की घोषणा के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को दिवाली से चार दिन पहले आज वेतन और पेंशन जारी की जाएगी। इसकी अदायगी एक जनवरी 2023 से अतिरिक्त चार फीसदी महंगाई भत्ता के साथ होगी। यह निर्णय सभी कर्मचारियों, पेंशनरों सहित विभिन्न बोर्डों और निगमों के कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मियों, आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, दिहाड़ीदारों व मल्टी टास्क कर्मचारियों पर लागू होगा।

बिजली बोर्ड हड़ताल

प्रदेशभर में आज बिजली बोर्ड के कर्मचारी व अधिकारी बोर्ड में 51 इंजीनियर के पद खत्म करने और 81 चालकों की सेवाएं समाप्त करने को लेकर आंदोलन करेंगे। बोर्ड ने प्रदेश सरकार को ये निर्णय वापिस न लेने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी भी दी है। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बिजली बोर्ड में इन पदों को समाप्त नहीं किया जा रहा बल्कि उनकी जगह नए पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बिजली बोर्ड को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत पर भी बल दिया।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है शिक्षा के लिए 17 फीसदी बढ़ाया बजट–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले, छात्रों के हित में शिक्षा प्रणाली में किए जा रहे परिवर्तन।

पंजाब केसरी की एक खबर है मुख्यमंत्री के बाद अब मंत्री करेंगे दूरदराज क्षेत्रों का दौरा।

प्रदेश में कर्मचारी और पेंशनरों को आज वेतन के साथ मिलेगा 4 प्रतिशत डीए शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है कर्मचारियों के वेतन में 15 सौ से लेकर 8 हजार रूपए की की होगी बढ़ोतरी। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार दीपावली से पहले आज खाते में आएगा वेतन और पेंशन।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है सीपीडब्ल्यूडी करेगा बनखंडी जू का 50 फीसदी कार्य।

दैनिक जागरण की सुर्खी है पद्धर में कार खाई में गिरी, चाचा भतीजे सहित पांच युवकों की मौत।

दिवाली पर भी दिल्ली, चंडीगढ़, हरिद्वार व शिमला के लिए मिलेगी रात्रि बस सेवा शीर्षक से अमर उजाला लिखता है लोगों की सुविधा के मद्देनजर एचआरटीसी प्रबंधन ने लिया फैसला।